
**प्रेरणा**
सही फैसला लेना काबिलियत नही है, फैसला लेकर उसे सही साबित करना काबिलियत है...

सच कहने की ताकत | साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज


मास्क जरूरी, नहीं कोई मजबूरी

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-3 • 25 MARCH TO 31 MARCH 2022 • VOLUME-36 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863




# मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पीएम मोदी से मांगा एक लाख करोड़ का स्पेशल पैकेज

## • कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने के लिए भी केंद्र के समर्थन की जरुरत
## • पीएम की भगवंत मान को राज्य के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन

• **जालंधर ब्रीज.** न्यू दिल्ली

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज राज्य की अर्थव्यवस्था के पुनरूद्धार के साथ-साथ व्यापक विकास को सुनिश्चित बनाने और लोगों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार से एक लाख करोड़ रुपए के विशेष वित्तीय पैकेज की माँग की है।

भगवंत मान ने आज दोपहर यहाँ संसद भवन में प्रधानमंत्री के साथ उनके कार्यालय में मुलाकात की। प्रधानमंत्री को राज्य की दयनीय वित्तीय हालत के बारे में अवगत करवाते हुए भगवंत मान ने कहा कि पिछली सरकार राज्य पर 3 लाख करोड़ रुपए का कजऱ् छोड़ गई और उन्होंने अगले दो सालों के लिए प्रति वर्ष 50,000 करोड़ रुपए का वित्तीय पैकेज तुरंत देने की माँग की, जिससे पटरी से उतरी हुई अर्थव्यवस्था को फिर पटरी पर लाया जा सके। भगवंत मान ने उम्मीद ज़ाहिर की कि इस वित्तीय सहायता के स्वरूप तीसरे साल के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर और वित्तीय पक्ष से स्थिर हो जाएगी।

भगवंत मान ने आगे कहा कि उनकी सरकार राज्य से माफीए का मुकम्मल सफाया करके खाली खज़ाना भरने के लिए ठोस प्रयास करेगी। उन्होंने आगे कहा कि देश की आज़ादी के लिए



पंजाबियों ने बड़े बलिदान दिए हैं और यहाँ तक कि अब भी हमारे बहादुर पंजाबी जवान अंदरूनी और बाहरी दुश्मनों से देश की एकता और अखंडता की सुरक्षा करने के लिए सरहदों की रक्षा कर रहे हैं।

पंजाब के सरहदी राज्य होने के प्रसंग में राष्ट्रीय सुरक्षा का एक ओर अहम मुद्दा उठाते हुए भगवंत मान ने सरहद पार की आधुनिक तकनीकों से लैस दुश्मन ताकतों के प्रयासों को नाकाम करने के लिए केंद्र सरकार से पूरे दिल से सहयोग की माँग की। उनकी तरफ से भी प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया गया कि पंजाब की तरफ से इस सम्बन्ध में केंद्र को हर संभव सहायता दी जाएगी और मुख्यमंत्री की ओर से केंद्र को राज्य की घुसपैठ विरोधी कार्यवाहियों का मुकाबला करने के लिए राज्य बलों को अत्याधुनिक तकनीक मुहैया करवाने के लिए आग्रह किया गया।

मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद प्रधानमंत्री के साथ अपनी पहली मीटिंग को सकारात्मक बताते हुए भगवंत मान ने कहा श्री मोदी ने पंजाब को फिर से रंगला पंजाब बनाने के लिए हर संभव सहायता और पूर्ण सहयोग देने का आवश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, ''यदि पंजाब विकास की तीव्र गति से करेगा तो इससे भारत ही ख़ुशहाल होगा।'' महान पंजाबी कवि प्रोफ़ैसर मोहन सिंह की कविता में से कुछ पंक्तियों का ज़िक्र करते हुए भगवंत मान ने कहा कि पंजाब, भारत की अंगूठी में जड़े हुए अनमोल नग की तरह है।'' उन्होंने उदासी भरे लहज़े में कहा कि पंजाब में बीते समय में कुछ गलत सरकारों के चुने जाने के फ़ैसलों के कारण इस अनमोल नग की चमक फीकी पड़ गई। अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी और विश्व स्तर पर मुल्क का नाम भी रौशन होगा।

भगवंत मान द्वारा उठाए गए मसलों के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस समूचे मामले को केंद्रीय वित्त और गृह मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे जिससे राज्य की बनती मदद की जा सके।

इस मौके पर भगवंत मान ने प्रधानमंत्री को स्नेह के रूप में शॉल और गुलदस्ता भेंट किया और प्रधानमंत्री ने भी उनको अच्छी सेहत और मुख्यमंत्री के रूप में सफल पारी की शुरुआत करने की कामना की।

# प्रशासन ने जालंधर में चल रहे तीन हाईवे प्रोजैक्टों अधीन एक्वायर की गई ज़मीन के लिए 466.46 करोड़ रुपए का मुआवज़ा बाँटा

**• दिल्ली -अमृतसर -कटरा एक्सप्रैसवे अधीन गाँव पंडोरी और शाहपुर की ज़मीन का लिया कब्जा • डिप्टी कमिशनर ने वर्चुअल समीक्षा बैठक में मुआवज़े की बाँट और कब्जा लेने की प्रक्रिया की प्रगति का लिया जायज़ा**

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

ज़िला प्रशासन जालंधर की तरफ से दिल्ली -अमृतसर -कटरा एक्सप्रैसवे, जालंधर बाइपास और जालंधर -होश्यारपुर एन.एच. 70 को चार मार्गीय करने सहित तीन हाईवे प्रोजैक्टों अधीन ज़मीन मालिकों को अब तक 466.46 करोड़ रुपए का मुआवज़ा बाँटा जा चुका है। डिप्टी कमिशनर घनश्याम थोरी ने गुरूवार को वर्चुअल समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता करते हाईवे प्रोजैक्टों अधीन एक्वायर की ज़मीन के मुआवज़े की बाँट और कब्ज़ा लेने की प्रक्रिया की प्रगति का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली -अमृतसर -कटरा एक्सप्रैसवे प्राजैकट अधीन एस.डी.एम. नकोदर की तरफ से 26.72 करोड़ रुपए, एस.डी.ऐम. जालंधर -2की तरफ से 119 करोड़ रुपए और एस.डी.एम. फिल्लौर की तरफ से 27.24 करोड़ रुपए का मुआवज़ा बाँटा जा चुका है। इसी तरह जालंधर बाइपास और जालंधर -होश्यारपुर नैशनल हाईवे -70 को चार -मार्गीय करने के लिए क्रमवार 95.50 करोड़ और 198 करोड़ रुपए की राशि की बाँट की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन की तरफ से दिल्ली -अमृतसर -कटरा ऐकसप्रैसवे प्राजैकट के अंतर्गत गाँव पंडोरी और शाहपुर में एक्वायर की ज़मीन का कब्ज़ा ले लिया गया है और प्राजैकट को उचित ढंग के साथ चलाने के लिए ऐन.ऐच.ए.आई. को सौंप दिया गया है।

डिप्टी कमिशनर ने सम्बन्धित आधिकारियों को अपने -अपने अधिकार क्षेत्र में मुआवज़े की बाँट और कब्ज़े की प्रक्रिया को और तेज़ करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय



में मुआवज़े की बाँट और कब्ज़ा लेने की प्रक्रिया को पूरा करने में कोई कमी बाकी न छोड़ी जाये जिससे चल रहे सभी नैशनल हाईवे प्रोजैक्टों को बिना किसी रुकावट के पूरा किया जा सके।

ज़मीन मालिकों को अपनी एक्वायर की ज़मीन के बदले उसका मुआवज़ा (अवार्ड) प्राप्त करने की अपील करते हुए डिप्टी कमिशनर ने कहा कि ज़मीन मालिक अपना मुआवज़ा प्राप्त करने के बाद भी लैड्ड इनहैंसमैंट के लिए आरबिट्रेटरों के पास अपील दायर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुआवज़े की स्वीकृति और लैड्ड इनहैंसमैंट अलग -अलग मुद्दे है। कोई भी अवार्ड प्राप्त करने के बावजूद अवार्ड में वृद्धि की माँग करने के लिए आरबिट्रेटर के पास जा सकता है। इस दौरान उन कम्पीटैंट अथारटी फार लैड्ड ऐकूज़ीशन (सी.ए.ऐल.ए) को एक्वायर की ज़मीन का कब्ज़ा लेने के लिए धारा 3 ई 2 का प्रयोग करने के निर्देश दिए। धारा स्पषट करती है कि सम्बन्धित अथारिटी की तरफ से एक्वायर की ज़मीन का कब्ज़ा पुलिस बल की मदद के साथ लिया जा सकता है। चल रहे प्रोजैक्टों को प्राथमिकता देने की अपनी वचनबद्धता को दोहराते डिप्टी कमिशनर ने आधिकारियों को कहा कि मुआवज़े की बाँट और कब्ज़ा लेने की प्रक्रिया में तेज़ी लाई जाये।

**डिप्टी कमिशनर की अध्यक्षता में फीस रेगुलेटरी समिति की बैठक**

# शिक्षा आधिकारियों को माता- पिता की तरफ से उठाए मामले तुरंत हल करने के निर्देश

**• पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन को स्कूलों में अच्छा माहौल बनाने में योगदान देने का न्योता**



**• ज़िला प्रशासकीय कंपलैक्स में फीस रेगुलेटरी समिति की बैठक करते हुए डिप्टी कमिशनर दीप्ति उप्पल और अन्य।**

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

डिप्टी कमिशनर कपूरथला दीप्ति उप्पल की अध्यक्षता में आज ज़िला प्रशासकीय कंपलैक्स में 'फीस रेगुलेटरी समिति ' की बैठक की गई, जिसमें 15 मान्यता प्राप्त / प्राईवेट स्कूलों के प्रमुखों के इलावा अतिरिक्त डिप्टी कमिशनर शहरी विकास अनुपम कलेर, एस.डी.एम डा. जय इन्द्र सिंह शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षा माहिर उपस्थित थे।

डिप्टी कमिशनर ने बताया कि स्कूल प्रमुख और स्कूलों में काम कर रहे पेरेंट्स टीचर एसोसिएशन के प्रतिनिधि स्कूलों में उचित माहौल यकीनी बनाए और माता-पिता और बच्चों के मसलों को मिल बैठकर हल करे। उनकी तरफ से जिले के स्कूल मुखिया को स्कूलों में हेल्प डैस्क स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि माता-पिता की तरफ से उठाए जा रहे मसले जैसे किताबें और वर्दियों आदि की बिक्री सम्बन्धित शिक्षा विभाग की तरफ से जारी आदेशों की इन्न -बिन्न पालना करने के लिए स्कूल प्रमुखों को सख़्त आदेश जारी किए गए है।

डिप्टी कमिशनर ने कहा कि किसी भी माता- पिता को किताबें या वर्दियाँ किसी भी ख़ास दुकान से खरीदने के लिए कोई दबाव नहीं डाला जा सकता। डिप्टी कमिशनर ने बताया कि स्कूल मुखियों को आदेश दिए गए है कि स्कूल के माहौल को और भी सुखदाई बनाने और माता- पिता की समस्याओं को पहल के आधार पर हल करवाने को यकीनी बनाया जाए। उनकी तरफ से डी.ई.ओ. (सै.सि. और एऐस.सी.) को आदेश दिए गए है की गई कि माता- पिता की तरफ से उठाए जा रहे मामलों को तुरंत हल करने की कोशिश की जाये और किसी मसले को हल करने में समस्या पैदा होने की स्थिति में विभाग की तरफ से हिदायते ली जाएँ। इस मौके ज़िला शिक्षा अधिकारी सकैंडरी गुरदीप सिंह और उप ज़िला शिक्षा अधिकारी बिक्रमजीत सिंह थिंद भी उपस्थित थे।

# सरकार को बने अभी चंद दिन हुए हैं और भगवंत मान वित्तीय मदद के लिए केंद्र सरकार के पास पहुंचे: गुप्ता

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



पंजाब के चंद दिन पहले नए बने मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा पंजाब के खाली खजाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी से मुलाकात कर उनसे एक लाख करोड़ की मांग किए जाने पर व्यंग्य कसते हुए भाजपा प्रदेश महासचिव जीवन गुप्ता ने कहा कि अभी तो शुरुआत है और अभी से आम आदमी पार्टी व भगवंत मान का दम फूलने लगा है और वो प्रधानमंत्री मोदी का दरवाजा खटखटाने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा चुनाव से पहले दिल्ली मॉडल तथा पंजाब में नए-नए प्लान इम्प्लीमेंट करने की बड़ी-बड़ी बातें की गई थीं। लेकिन चुनाव में जीत हासिल करने के बाद चंद दिनों में ही आम आदमी पार्टी का असली चेहरा सब के सामने बेनकाब होने लगा है। गुप्ता ने सवाल किया कि केजरीवाल तथा भगवंत मान के चुनाव से पहले के प्लान कहाँ गए? अगर उनके पास कोई ऐसा प्लान नहीं था और उसके लिए वो केंद्र सरकार पर निर्भर थे, तो जनता के साथ झूठे वादे क्यूँ किए?

जीवन गुप्ता ने कहा कि पंजाब में जो आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है वो झूठ के आधार पर बनी है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब की जनता से वादे तो बहुत बड़े-बड़े कर लिए हैं, लेकिन अब जब वादे पूरे करने का समय शुरू हुआ है तो अब उन्होंने एक बार फिर जनता को गुमराह करना शुरू कर दिया है। गुप्ता ने कहा कि जब भी किसी राज्य को मदद की जरूरत पड़ती है तो केंद्र सरकार हमेशा तैयार रहती है। भगवंत मान द्वारा पंजाब के खाली खजाने की बात करके केंद्र सरकार से पैसों की माँग करके पंजाब की जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। गुप्ता ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी यह शोर मचाएगी कि केंद्र सरकार हमें पैसा नहीं दे रही। हमने जो वादे किए थे कि महिलाओं को 1000 रुपोये महिना, देना, फ्री बिजली, बेरोजगारों को रोज़गार देने का अहित अनेक वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का जब समय आया है, तो यह लोग अब केंद्र सरकार के दरवाजे पर जा बैठे हैं।

# डीसी ने योग्य लाभपात्रियों को टीकाकरण समय पर पूरा करवाने की अपील की



**जालंधर.** कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जालंधर जिले ने 15 -17 साल वर्ग के कुल लाभपात्रियों में से 82 प्रतिशत को वैक्सीन की पहली ख़ुराक के अंतर्गत कवर कर किशोरों के टीकाकरण में पंजाब भर में अग्रणी स्थान हासिल किया है। मुख्य सचिव अनिरुद्ध तिवाड़ी के नेतृत्व में हुई वर्चुअल समीक्षा बैठक में हिस्सा लेते हुए डिप्टी कमिशनर घनश्याम थोरी ने बताया कि 15 से 17 साल आयु वर्ग के 82.16 प्रतिशत लाभपात्रियों को पहली ख़ुराक के अंतर्गत कवर किया गया है, जो कि राज्य में सबसे अधिक है। इसी तरह 48.56 प्रतिशत लाभपात्रियों को दूसरी ख़ुराक लगाई जा चुकी है। उन्होंने आगे बताया कि इसी वर्ग के अंतर्गत 92179 और 54480 लाभपात्रियों को क्रम अनुसार पहली और दूसरी ख़ुराक लगाई जा चुकी है। उन्होंने आधिकारियों को टीकाकरण अभियान में और तेज़ी लाने के लिए कहा जिससे हर योग्य लाभपात्रियों का टीकाकरण यकीनी बनाया जा सके। 12 से 14 साल के बच्चों के टीकाकरण सम्बन्धित जानकारी देते हुए डिप्टी कमिशनर ने बताया कि ज़िले में अब तक इस आयु वर्ग के 9730 लाभपात्रियों को पहली ख़ुराक लगाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस आयु वर्ग के विद्यार्थियों को कवर करने के लिए जिले भर में स्कूल स्तर पर विशेष कैंप लगाए जा रहे है।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग कलाकार से मुलाकात को 'अविस्मरणीय क्षण' बताया

• **जालंधर ब्रीज.** न्यू दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कलाकार आयुष कुंडल से मुलाकात की है। उन्होंने कहा कि आयुष कुंडल से मुलाकात करना, मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने लोगों से दिव्यांग कलाकार की पेंटिंग देखने का भी आग्रह किया है। ट्वीट्स की एक श्रृंखला में, प्रधानमंत्री ने कहा;

"आज @aayush_kundal से मिलना मेरे लिए एक अविस्मरणीय क्षण बन गया। आयुष ने जिस प्रकार पेंटिंग में महारत हासिल की और अपनी भावनाओं को पैर की उंगलियों से आकार दिया, वो हर किसी को प्रेरित करने वाला है। अनवरत प्रेरणा मिलती रहे, इसलिए मैं उन्हें ट्विटर पर फॉलो कर रहा हूं।"

"आप सभी से आग्रह करता हूं कि आप @aayush_kundal की पेंटिंग को जरूर देखें। आयुष ने अपनी पेंटिंग के लिए एक यूट्यूब चैनल भी बनाया है, जिसमें उनकी जिंदगी के अलग-अलग रंग समाहित हैं। उनके चैनल का लिंक है"

# जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी ने गांव रायपुर लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरुक

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

पंजाब कानूनी सेवाएं अथारिटी के निर्देशों पर जिले में नि:शुल्क कानूनी सहायता का प्रचार करने के लिए सी.जे.एम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी अपराजिता जोशी के नेतृत्व में ट्रैवलर वैन द्वारा गांव रायपुर में सैमीनार का आयोजन किया गया। इस सैमीनार की अध्यक्षता पैनल एडवोकेट मनोज की ओर से की गई।

सैमीनार में एडवोकेट मनोज ने नालसा की ओर से चलाई गई स्कीमों के बारे में गांव वासियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई व साथ ही नि:शुल्क कानूनी सहायता, लोक अदालतों, स्थायी लोक अदालतों (जन उपयोगी सेवाएं) मेडिएशन व कंसलीएशन सैंटर का प्रचार किया गया व 14 मई को जिला स्तर व सब-डिविजन स्तर पर जिला कचहरी में लगाई जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में हुए फैसले को दीवानी डिग्री की मान्यता प्राप्त है व इसका फैसला अंतिम होता है। इस फैसले के खिलाफ कोई भी अपील नहीं होती व केस में लगी सारी कोर्ट फीस भी वापिस हो जाती है। सैमीनार के अंत में गांव के सरपंच व गांव वासियों के अलावा पी.एल.वी बलवीर कुमार उपस्थित थे। अंत में पी.एल.वी की ओर से गांव वासियों को नि:शुल्क कानूनी सहायता की प्रचार सामग्री भी बांटी गई।

# खूबसूरती का राजा है नेपाल, यहां के मनमोहक दृश्यों में खो जाएंगे आप

**नेपाल दुनिया के खूबसूरत देशों में से एक है।ये भारतियों के बीच भी घूमने के लिए काफी पसंद किया जाता है। इस देश को पर्यटकों के बीच 'दुनिया की छत' के रूप में भी जाना जाता है। खूबसूरती से भरा नेपाल एक हिमालयी देश है, जहां हर कोई घूमना पसंद करता है। अगर आप भी भारत के पड़ोसी इस देश में घूमने का प्लान कर रहे हैं तो फिर यहां के पर्यटन स्थल के बारे में जानिए-**














**काठमांडू घाटी** में स्थित भक्तपुर नेपाल में घूमने वालों को अपनी तरफ खींचने का काम करता है। आपको बता दें कि भक्तपुर को भक्तों का शहर भी कहा जाता है। यह शहर भीड़भाड़ से दूर शांति और सुकून को देने वाला है। इस शहर में 15 वीं शताब्दी की संरचना दरबार स्क्वायर या 55-विंडो पैले यहां का आकर्षण है। अगर आप नेपाल जाएं तो यहां का रुख जरूर करिए।

पशुपतिनाथ मंदिर भले नेपाल में बसा हो लेकर भारतियों के बीच ये काफी फेमस है। ये मंदिर काठमांडू शहर से 3 किलोमीटर दूर पूर्व में सुंदर और पवित्र बागमती नदी के किनारे पर बसा हुआ है। खूबसूरत नजारों से घिरा ये मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। आपको बता दें कि साल 1979 में पशुपतिनाथ मंदिर को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया था।

नगरकोट नेपाल में घूमने वाली जगह में से एक है। अगर आप हिमालय के पर्वतों को उनकी खूबसूरती को देखना चाहते हैं तो नागरकोट का रूख जरूर करिए। नागरकोट, नेपाल की सबसे ज्यादा घूमी जाने वाली जगहों में से एक हैं। कहते हैं यहां से हिमालय के 13 में से 8 हिमालय पर्वतमाला को देख सकते हैं।

पोखरा नेपाल की खूबसूरती को खास रूप से पेश करता है। ये एक बहुत ही बेहतरीन प्लेस है।हिमालय पर्वत की तलहटी में फैला पोखरा हर किसी के घूमने के लिए बहुत की खास है। इस जगह को घूमना हर कोई खास रूप से पसंद करता है। आप नेपाल जाएं तो यहां जरूर जाएं।

काठमांडू नेपाल की सांस्कृतिक राजधानी है, जो घूमने का बेस्ट ऑप्शन कहा जाता है। नेपाल घूमना खुद में काफी खास है। यहां घूमने आने वाले यात्रियों को आनंदमय वातावरण मंत्रमुग्ध कर देता है। ये कई खूबसूरत नजारों से भरा है। काठमांडू, अपने मठों, मंदिरों और आध्यात्मिकता के साथ एक शांति वाली जगह है।

HEALTH +

## दांतों को चमकदार और मजबूत बनाने के लिए इन फलों की लें मदद



**केला :** सेहत के लिए बेहद गुणकारी केले से दांतों को हेल्दी और चमकदार बनाया जा सकता है। इसके लिए केले को डाइट का हिस्सा बनाएं, क्योंकि इसमें मौजूद मैग्निशियम, कैल्शियम और मैंगनीज दांतों पर मौजूद गंदगी को दूर करता है।



**स्ट्रॉबेरी :** स्वादिष्ट फल स्ट्रॉबेरी के दांतों के लिए दो फायदे हैं। पहला ये कि अगर आप इसका नियमित रूप से सेवन करते हैं, तो इससे दांत अंदर से मजबूत होंगे। दूसरा इसे दांतों पर रगड़ने से उनका पीलापन दूर किया जा सकता है।



**सेब :** बहुत कम लोग जानते हैं कि सेब दांतों का पीलापन दूर करने में कारगर होती है। कहते हैं कि इसमें मौजूद मैलिक एसिड दांतों के लिए फायदेमंद होता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इस एसिड के कारण मुंह में ज्यादा मात्रा में लार बनती है, जो दांतों को चमकदार बना सकती है।




**संतरा:** कई लोगों के शरीर में विटामिन सी की कमी होने के कारण उनके मसूड़ों से खून आता है। इस समस्या को नजरअंदाज करने से मुंह में पायरिया भी हो सकता है। ऐसे में संतरे का सेवन करें, क्योंकि ये विटामिन सी की कमी को पूरा करेगा। वहीं इसे दांतों पर रगड़ने से वे चमकदार बनते हैं।



**क्रैनबेरी :** कहते हैं कि ये फल बैक्टीरिया को दूर करने में मददगार होता है। ये दांतों को सड़न से बचाने के साथ सांस की दुर्गंध को भी रोकता है। आप क्रैनबेरी का जूस बनाकर सेवन कर सकते हैं।

## *टाटा ग्रुप बहुत जल्द लॉन्च करेगा UPI ऐप गूगल पे और फोन पे को टक्कर देने की तैयारी*

***अप्रैल महीने में सुपर ऐप टाटा नियू की लॉन्चिंग है। इसी के आसपास यूपीआई ऐप की भी शुरुआत हो सकती है। यूपीआई जिस गति से तेजी से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए कई कंपनियां इस क्षेत्र में कूदना चाहती हैं। इनमें टाटा ग्रुप भी शामिल है।***




**टाटा ग्रुप** बहुत जल्द अपना यूपीआई ऐप लॉन्च करने वाला है। फोन पे और गूगल पे की तरह टाटा ग्रुप के यूपीआई को भी आसानी से मोबाइल से इस्तेमाल किया जा सकेगा। टाटा ग्रुप ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। बहुत जल्द इसका आधिकारिक ऐलान हो सकता है। माना जा रहा है कि टाटा ग्रुप की इस तैयारी और लॉन्चिंग से फोन पे, गूगल पे, अमेजॉन पे और पेटीएम को कड़ी टक्कर मिल सकती है। टाटा की इस तैयारी के बारे में कई मीडिया रिपोर्ट्स में जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा ग्रुप नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया या एनपीसीआई से क्लीरेंस मिलने के इंतजार में है। एनपीसीआई से क्लीरेंस मिलते ही टाटा ग्रुप थर्ड पार्टी पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर के तौर पर यूपीआई की सेवा शुरू कर देगा। 'इकोनॉमिक टाइम्स' ने सबसे पहले इसकी रिपोर्ट जाहिर की है।

यूपीआई ऐप लॉन्च करने का जिम्मा टाटा डिजिटल के पास है जो कंपनी का डिजिटल कॉमर्स यूनिट है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा डिजिटल यूपीआई ऐप चलाने के लिए आईसीआईसीआई बैंक और अन्य प्राइवेट बैंकों के साथ संपर्क में है। इन बैंकों की मदद से टाटा ग्रुप यूपीआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बाजार में लॉन्च करेगा।

**टाटा ग्रुप की एक और बड़ी तैयारी :** टाटा ग्रुप इसके अलावा एक और बड़ी पहल पर काम कर रहा है। एक अप्रैल को टाटा नियू लॉन्च होने वाला है जिसे सुपर ऐप का नाम दिया जा रहा है। इस ऐप के जरिये टाटा ग्रुप देर से ही सही, लेकिन अब ई-कॉमर्स के क्षेत्र में बड़ा धमाका करने की तैयारी में है। टाटा नियू के बाद यूपीआई ऐप को भी लाया जाएगा ताकि ग्राहक को सामान की खरीदारी के साथ ही पेमेंट करने में भी आसानी हो। टाटा ग्रुप का सुपर ऐप नियू मार्केट में कई बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ मुकाबला करेगा जिनमें अमेजॉन और फ्लिपकार्ट के साथ ही स्विगी और ब्लिंकिट के नाम हैं।

**यूपीआई पेमेंट पर सबकी नजर :** अप्रैल महीने में सुपर ऐप टाटा नियू की लॉन्चिंग है। इसी के आसपास यूपीआई ऐप की भी शुरुआत हो सकती है। यूपीआई जिस गति से तेजी से बढ़ रहा है, उसे देखते हुए कई कंपनियां इस क्षेत्र में कूदना चाहती हैं। इस साल फरवरी महीने में ही यूपीआई से 4.15 अरब ट्रांजैक्शन हुए हैं जो कि वैल्यू के हिसाब से 8.26 लाख करोड़ रुपये के बराबर है। सरकार भी डिजिटल पेमेंट पर जोर दे रही है ताकि नोटों की छपाई और एटीएम जैसे खर्च का बोझ कम किया जा सके। अभी देश में एनपीसीआई के तहत 23 थर्ट पार्टी ऐप रजिस्टर्ड हैं। एनपीसीआई का देश के 10 बैंकों के साथ करार है जिसके अंतर्गत यूपीआई की सुविधा दी जाती है।

## अमेरिका ने दी साइबर अटैक की चेतावनी

***पिछले महीने, पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने वायसैट पर हुए साइबर हमले की जांच शुरू की, जिसके नतीजन पूरे यूरोप में कम्यूनिकेशन बाधित हुआ।***

यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद, अमेरिकी सरकार ने ग्लोबल सैटेलाईट कम्युनिकेशन नेटवर्क पर संभावित खतरों के बारे में चेतावनी दी है। साइबर सिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी और फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वो अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय उपग्रह संचार नेटवर्क के लिए संभावित खतरों से अवगत हैं। सैटकॉम नेटवर्क में सफल घुसपैठ नेटवर्क प्रोवाइडर्स के कस्टमर एनवायरमेंट में खतरा पैदा कर सकता है।

ताजा अलर्ट तब आया जब यूरोप में हजारों कस्टमर्स से रिलेटेड सैटेलाईट मोडेम ऑफलाइन हो गए क्योंकि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमले शुरू किए। हमले ने अमेरिकी टेलीकम्यूनिकेशन फर्म वायसैट को प्रभावित किया, जिसके पास प्रभावित नेटवर्क का स्वामित्व था।



वायसैट ने एक बयान में कहा, मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, सीआईएसए की शील्ड्स अप इनीशिएटिव रिक्वेस्ट करती है कि सभी ऑर्गनाइजेशन मैलेशियस साइबर एक्टिविटी के सिग्नल्स की रिपोर्टिंग और शेयर करने के लिए अपनी सीमा को कम करें। सीआईएसए और एफबीआई ने सैटकॉम नेटवर्क साइबर सिक्योरिटी को मजबूत करने के लिए इस सीएसए में मेंशन किए गए शमन को रिव्यू करने और लागू करने के लिए जरूरी बेसिक स्ट्रक्चर ऑर्गनाइजेशन और दूसरे ऑर्गनाइजेशन को मजबूती से प्रोत्साहित किया जो या तो सैटकॉम नेटवर्क प्रोवाइडर हैं या फिर कस्टमर हैं। पिछले महीने, पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने वायसैट पर हुए साइबर हमले की जांच शुरू की, जिसके नतीजन पूरे यूरोप में कम्यूनिकेशन बाधित हुआ। इजरायल की कई सरकारी वेबसाइटों को पहुंचा नुकसान इसके अलावा हाल ही में इजरायल की कई सरकारी वेबसाइटों को एक साइबर हमले में नुकसान पहुंचा है। देश की साइबर अथोरिटी ने पुष्टि की है कि यह एक डीडीओएस अटैक था जिसने सरकारी वेबसाइटों तक पहुंच को रोक कर दिया था और सभी वेबसाइट वापस ऑनलाइन हो गई थीं। हारेटज के अनुसार, इंटरनल, हेल्थ, जस्टिस और वेलफेयर मिनिस्ट्री की वेबसाइटों को ऑफलाइन ले लिया गया था, जो कि प्रधानमंत्री कार्यालय की थी। साइबर सुरक्षा उद्योग के सूत्रों ने कहा कि ऑपरेशन एक बड़े पैमाने पर डिस्ट्रीब्यूशन डिनायल सर्विस (डीडीओएस) अटैक था।

HEALTH
&TASTE

## सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है कटहल

**कटहल सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। गर्मियों में अधिकतर इसका सेवन किया जाता है। आप इससे कई तरह के डिश बना सकते हैं। आइए जानें इसके स्वास्थ्य लाभ और आप इससे कौन से डिश बना सकते हैं।**



**कटहल** का अधिकतर सेवन सब्जी के रूप में किया जाता है। लेकिन ये एक फल है। ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें कैल्शियम, नियासिन, पोटैशियम,आयरन, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम और विटामिन ए,सी और बी 6, थायमिन और राइबोफ्लेविन जैसे पोषक तत्व होते हैं। इसका सेवन आप कई अन्य तरीकों से भी कर सकते हैं। आप बिरयानी और फ्राइज आदि के रूप में भी इसका सेवन कर सकते हैं। ये स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। ये कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। ये आपके स्वास्थ्य के लिए कैसे फायदेमंद है और कटहल से कौन से डिश कैसे बना सकते हैं आइए जानें।

### डायबिटीज के रोगियों के लिए

अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो ये आपके लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। कटहल में कैलोरी भी बहुत कम होती हैं। इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स भी कम होता है। ये ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसलिए ये हर तरह से डायबिटीज के मरीजों के लिए लाभकारी है।

### इम्युनिटी बढ़ाने के लिए

कई बार मौसम में बदलाव के कारण कई स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कटहल खाना मौसमी संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। इसमें फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी और बी विटामिन, पोटैशियम, आयरन, मैंगनीज, मैग्नीशियम, जिंक और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व होते हैं। ये इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

### वजन घटाने के लिए फायदेमंद

कटहल में कैलोरी कम होती है। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में होता है। कटहल पाचन तंत्र में सुधार करता है। इससे आपको देर तक भरा हुआ महसूस होता है। ये आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। ये वजन घटाने में भी मदद करता है।

### कटहल बिरयानी

कटहल बिरयानी बनाने के लिए कटहल के टुकड़ों को दही और मसाले में मैरीनेट कर लें। अब एक बर्तन में घी डालें और इसमें कुछ सुगंधित मसाले डालें। अब मैरीनेट किए हुए कटहल के टुकड़े डालें और इसे कुछ देर तक पकाएं। अब इसमें चावल और पानी डालें। बर्तन को बंद कर दें और कुछ देर पकने दें। इसके बाद इसे दही के साथ परोसें।

### कटहल फ्राइज

कटहल के टुकड़ों को काट कर उबाल लें। इसका पानी निकाल दें। इन्हें नमक, काली मिर्च, लाल मिर्च पाउडर और जीरा पाउडर, चावल के आटे के साथ मैरीनेट करें। मसालों के मिश्रण को अच्छी तरह से कोट करें। बेकिंग ट्रे में रखें। जैतून का तेल और सीजनिंग डालें। इसके बाद इसे बेक करें और गर्मागर्म चाय के साथ इसका आनंद लें।

NEWS +

# सरकार के लिए खुशखबरी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इतिहास में सबसे ज्यादा टैक्स कलेक्शन किया




*चालू वित्त वर्ष में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने रिकॉर्ड टैक्स कलेक्शन किया है। सीबीडीटी के मुताबिक, टैक्स कलेक्शन में 48 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया है।*

**इनकम टैक्स** कलेक्शन के मोर्चे पर सरकार के लिए अच्छी खबर आई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने चालू वित्त वर्ष में इतिहास में सबसे ज्यादा टैक्स कलेक्शन किया है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेस के चेयरमैन जेबी मोहापात्रा ने कहा कि देश में चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 48 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें अग्रिम कर संग्रह के आंकड़ों से मदद मिली है। चालू वित्त वर्ष में अग्रिम कर भुगतान में 41 फीसदी की वृद्धि हुई है। महापात्र ने कहा कि आज की तारीख तक शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.63 लाख करोड़ रुपए रहा है। एक साल पहले समान अवधि की तुलना में यह 48 फीसदी अधिक है।

उन्होंने कहा कि सालाना आधार पर शुद्ध संग्रह 2020-21 की समान अवधि से 48.4 फीसदी अधिक है। 2019-20 की तुलना में यह 42.5 फीसदी और 2018-19 की तुलना में 35 फीसदी अधिक है। महापात्र ने कहा, ''यह पिछले सबसे ऊंचे आंकड़े से 2.5 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। विभाग के इतिहास में यह आयकर संग्रह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है।''

## टैक्स कलेक्शन से इकोनॉमिक रिकवरी का मिलता संकेत

यह कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था में निरंतर आर्थिक पुनरुद्धार को बताता है। आधिकारिक बयान के अनुसार शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 16 मार्च, 2022 तक 13.63 लाख करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले 2020-21 की इसी अवधि में यह 9.18 लाख करोड़ रुपए था।

## महामारी से पूर्व टैक्स कलेक्शन 9.56 लाख करोड़

चालू वित्त वर्ष में शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर संग्रह महामारी-पूर्व 2019-20 के 9.56 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले 35 फीसदी अधिक है। इस श्रेणी में व्यक्तिगत आय पर कर, कंपनियों को होने वाले लाभ पर कर, संपत्ति कर और उत्तराधिकार कर तथा उपहार कर शामिल हैं। अग्रिम कर संग्रह 40.75 फीसदी बढ़कर 6.62 लाख करोड़ रुपए रहा। इसकी चौथी किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 15 मार्च थी।

## कहां से आया कितना पैसा?

कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में कॉर्पोरेट इनकम टैक्स 7,19,035.0 करोड़ रुपए था वहीं एसटीटी (सिक्यॉरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स) के साथ पर्सनल इनकम टैक्स 6,40,588.3 करोड़ रुपए था। रिफंड को एडजस्ट करने से पहले वित्त वर्ष 2021-22 (16 मार्च, 2022 तक) कुल डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 15,50,364.2 करोड़ रुपए था। जो कि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 11,20,638।6 करोड़ रुपए के स्तर पर था। वहीं वित्त वर्ष 2019-20 के लिए कुल संग्रह 11,34,706.3 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कुल संग्रह 11,68,048.7 करोड़ रुपए था।

## कॉर्पोरेट टैक्स से आए 8.36 लाख करोड़ रुपए

मौजूदा वित्त वर्ष के लिए कुल कलेक्शन में 8,36,838।2 करोड़ रुपए का कॉर्पोरेट इनकम टैक्स और 7,10,056.8 करोड़ रुपए का पर्सनल इनकम टैक्स शामिल है, वहीं कुल कलेक्शन में 6,62,896.3 एडवांस टैक्स, 6,86,798.7 का टीडीएस, 1,34,391.1 करोड़ रुपए का सेल्फ एसेसमेंट टैक्स, 55,249.5 रेगुलर एसेसमेंट टैक्स और 7,486.6 करोड़ रुपए का डिविडेंड टैक्स शामिल है। अन्य में 3,542.1 करोड़ रुपए हैं। चालू वित्त वर्ष 2021-22 के लिए संचयी अग्रिम कर संग्रह 16 मार्च, 2022 तक 6,62,896.3 करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 4,70,984.4 करोड़ रुपए था

# हिमाचल हाय गर्मी! मार्च में ही टूटने लगे रिकार्ड



हिमाचल प्रदेश में गर्मी का असर इस बार मार्च महीने में ही दिखने लगा है। प्रदेश में हर दिन गर्मी के रिकार्ड टूट रहे हैं। आलम यह है कि मार्च महीने में ही प्रदेश में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच चुका है, वहीं प्रदेश के 10 जिलों में तापमान 30 डिग्री से ऊपर है। हर दिन प्रदेश के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री का इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को हिमाचल में सीजन का सबसे गर्म दिन महसूस किया गया है।

ऊना में सबसे अधिक 36.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। वहीं, बिलासपुर में अधिकतम तापमान 34, कांगड़ा में 32.5, सुंदरनगर में 32.5, भुंतर में 30.5, धर्मशाला में 31.2, हमीरपुर में 33, नाहन में 30.8, सोलन में 30.5, शिमला में 23.4, कल्पा में 19.4, डलहौजी में 15.3 और केलांग में 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। हिमाचल प्रदेश में तपती गर्मी से लोगों का जीना मुश्किल होने लगा है। पानी के प्राकृतिक स्रोतों में जलस्तर अभी से घटने से लोगों को पीने के पानी की किल्लत होने की आशंका बढ़ने लगी है।

## पहाड़ों में बारिश के आसार

मौसम विभाग ने हिमाचल में मौसम साफ रहने का अनुमान लगाया है, जबकि 23 मार्च से मौसम के फिर से करवट बदलने के आसार हैं। हिमाचल में इसी सप्ताह बारिश और ओलावृष्टि को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। येलो अलर्ट मध्यम एवं उच्च पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जारी किया गया है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में मौसम के साफ रहने की संभावना है।

# क्या पटरी पर फिर लौटेंगे संबंध? ड्रैगन ने वार्ता शुरू करने के लिए रखा प्रस्ताव- चीन के विदेश मंत्री इस महीने आ सकते हैं भारत

**चीन में** होने वाला अंतिम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सितंबर 2017 में ज़ियामी में हुआ था, जिसमें मोदी ने भाग लिया था। दरअसल, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक ढाई महीने पहले डोकलाम सीमा गतिरोध को सुलझा लिया गया था।

पिछले करीब दो साल से लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ सैन्य गतिरोध बना हुआ है। इस बीच बीजिंग द्विपक्षीय वार्ता को पुनर्जीवित करने और चीन में ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार करने की कोशिश में जुटा हुआ है। चीन ने भारत के साथ वार्ता शुरू करने के लिए कई कार्यक्रमों का प्रस्ताव रखा है, जिसकी शुरुआत दोनों पक्षों की संभावित उच्च स्तरीय यात्राओं से होगी। उसने इस महीने की शुरुआत में चीनी स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा का प्रस्ताव रखा है। इसके बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर को पारस्परिक यात्रा करनी है। चीनी पक्ष ने अपने शीर्ष पोलित ब्यूरो सदस्यों और प्रमुख अधिकारियों द्वारा उच्च स्तरीय यात्राओं की एक सीरीज का भी प्रस्ताव रखा है।

चीनियों ने दोनों देशों में 'भारत-चीन सभ्यता संवाद' आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखा है। उसने एक भारत-चीन व्यापार और निवेश सहयोग मंच व एक भारत-चीन फिल्म फॉरम का भी प्रस्ताव रखा है। चीन का अंतिम और स्पष्ट उद्देश्य पीएम नरेंद्र मोदी को व्यक्तिगत रूप से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना है जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होंगे।

मौजूदा परिस्थितियों में पीएम मोदी के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक व्यक्तिगत बैठक में भाग लेना राजनीतिक रूप से कठिन है क्योंकि सीमा पर अभी गतिरोध समाप्त नही हुआ है। दोनों नेताओं के बीच आखिरी बार आमने-सामने की बैठक नवंबर 2019 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील में हुई थी। अक्टूबर 2019 में शी ने महाबलीपुरम में एक अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत का दौरा किया था।

चीन में होने वाला अंतिम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सितंबर 2017 में ज़ियामी में हुआ था, जिसमें मोदी ने भाग लिया था। दरअसल, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से ठीक ढाई महीने पहले डोकलाम सीमा गतिरोध को सुलझा लिया गया था। इस बार प्रस्तावित विदेश मंत्री स्तर की यात्रा




के साथ बीजिंग संकेत दे रहा है कि वह संबंधों को फिर से पटरी पर लाने का इच्छुक है।

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन के साथ मॉस्को और दुशांबे में की थी बातचीत :** पिछले डेढ़ साल में विदेश मंत्री एस। जयशंकर और वांग ने पूर्वी लद्दाख में तनाव को कम करने के लिए मॉस्को और दुशांबे में कई दौर की बातचीत की। सितंबर 2020 में जयशंकर और वांग ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन के इतर मास्को में व्यापक बातचीत की थी, जिस दौरान वे पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध को हल करने के लिए पांच सूत्री सहमति पर पहुंचे थे।

इसमें सैनिकों को जल्दी पीछे हटाने, तनाव को बढ़ाने वाली कार्रवाई से बचने, सीमा प्रबंधन पर सभी समझौतों और प्रोटोकॉल का पालन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति बहाल करने के कदम जैसे उपाय शामिल थे। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने पिछले साल जुलाई में ताजिकिस्तान के राजधानी शहर दुशांबे में एससीओ की एक अन्य बैठक के इतर द्विपक्षीय बैठक भी की थी, जिसमें सीमा रेखा पर ध्यान केंद्रित किया गया था। वे सितंबर में दुशांबे में फिर मिले।

**चीन और भारत के बीच 5 मई 2020 को शुरू हुआ था गतिरोध :** भारत लगातार इस बात पर जोर देता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण है। पिछले हफ्ते विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने इस पर फिर जोर दिया था। इस महीने की शुरुआत में, वांग ने परोक्ष तौर पर अमेरिका की ओर इशारा करते हुए कहा था कि कुछ ताकतों ने चीन और भारत के बीच तनाव पैदा करने की हमेशा कोशिश की है। वांग की प्रस्तावित यात्रा, यदि होती है तो उम्मीद है कि यह दोनों पक्षों को यूक्रेन में संकट पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगी।

पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में लंबित मुद्दों को हल करने के लिए 11 मार्च को भारत और चीन ने 15वीं दौर की उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता की थी। पैंगोंग झील क्षेत्रों में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच पूर्वी लद्दाख सीमा गतिरोध शुरू हो गया था। दोनों पक्षों ने धीरे-धीरे हजारों सैनिकों के साथ ही भारी हथियारों के साथ अपनी तैनाती बढ़ा दी। सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के परिणामस्वरूप, दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी की थी। प्रत्येक पक्ष के पास वर्तमान में संवेदनशील क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगभग 50,000 से 60,000 सैनिक हैं।

# ईस्टर की छुट्टियों से पहले सभी यात्रा प्रतिबंध समाप्त करेगा ब्रिटेन, लेकिन लोगों को माननी होगी ये शर्त



ब्रिटेन के लोग एक बार फिर पहले की यात्रा कर पाएंगे। यहां ईस्टर की छुट्टियों से पहले यात्रा प्रतिबंधों को खत्म कर दिया जाएगा।

**ब्रिटेन सरकार** ने कहा है कि ईस्टर के अवसर पर स्कूल की छुट्टियों से पहले कोविड-19 संबंधी सभी यात्रा प्रतिबंधों को गत दिनों समाप्त कर दिया जाएगा। ब्रिटेन के परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स ने गत दिनों कहा कि इन बदलावों का अर्थ है कि लोग 'पुराने अच्छे दिनों की तरह यात्रा कर पाएंगे।' ब्रिटेन में कोविड-19 प्रतिबंधों के तहत यात्रियों को एक प्रपत्र में यात्रा संबंधी विवरण देना होता है।

उन्हें यह बताना होता है कि वे ब्रिटेन में कहां रहेंगे और उन्होंने टीकाकरण कराया है या नहीं, लेकिन यह प्रपत्र भरने की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा टीकाकरण नहीं कराने वाले यात्रियों को देश में आने से पहले और आने के बाद कोविड-19 संबंधी जांच करानी होती है। यह अनिवार्यता भी समाप्त हो जाएगी।

COVID-19 Coronavirus

**कई देशों में बढ़ रहे मामले :** यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और नदर्न आयरलैंड में जनवरी के अंत के बाद से पहली बार संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इंग्लैंड में संक्रमण के नए मामलों में से कई मामले ओमीक्रोन के अत्यधिक संक्रामक उप-स्वरूप से संबंधित हैं। स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने कहा, 'हम संभावित नए स्वरूप पर नजर रखना जारी रखेंगे और जरूरत पड़ने पर एहतियाती उपाय फिर लागू किए जा सकते हैं।'

**चीन में दोगुने हुए दैनिक मामले :** वहीं चीन की बात करें, तो यहां एक दिन पहले के मुकाबले कोरोना वायरस संक्रमण के दोगुने दैनिक मामले सामने आए हैं। चीन, वैश्विक महामारी के शुरुआती दिनों के बाद से अब तक के सबसे बड़े प्रकोप का सामना कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 3,507 नए मामले सामने आए, जबकि उससे एक दिन पहले 1,337 दैनिक मामले सामने आए थे। चीन में कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक 'स्टील्थ ओमिक्रॉन' वेरिएंट के कारण संक्रमण के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। पूर्वोत्तर चीन के जिलिन प्रांत में संक्रमण के सबसे अधिक 2,601 नए मामले सामने आए हैं। यहां एक बार फिर से बड़ी आबादी को घरों में बंद रहने को कहा गया है। कई शहरों में संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन लागू है।

# लोन घोटाले के आरोपी पकड़ से दूर भ्रष्टाचार के आरोपी को नहीं मिलेगी जगह




**आप के** प्रदेश प्रभारी ने कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार के तार मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े हैं। करनाल के डीटीपी और तहसीलदार का पकड़ा जाना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब तक 6 पूर्व एमएलए और पूर्व मंत्रियों को पार्टी जॉइन करवाई जा चुकी है।

पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी का पूरा फोक्स अब हरियाणा पर है। आप ने अपने प्रदेश संगठन को भंग कर दिया है। हरियाणा में अब नए सिरे से पार्टी संगठन को बनाया जाएगा। पार्टी के आदेश पर सौरव भारद्वाज को हरियाणा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। जबकि महेंद्र चौधरी को सह प्रभारी बनाया गया है। आप के प्रदेश प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता ने गत दिनों चंडीगढ़ में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि हरियाणा में भ्रष्टाचार के तार मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े हैं। करनाल के डीटीपी और तहसीलदार का पकड़ा जाना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब तक 6 पूर्व एमएलए और पूर्व मंत्रियों को पार्टी जॉइन करवाई जा चुकी है।

वहीं 40 पूर्व विधायक और अन्य लोग भी पार्टी के संपर्क में हैं, अगर कोई भ्रष्टाचार का आरोपी नहीं है तो उसे पार्टी में शामिल किया जाएगा। इसके लिए हम सर्वे करवा रहे हैं, जिन पर मुकदमे दर्ज नहीं हैं। उन्हे ही संगठन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता जजपा और बीजेपी से नफरत करती हैं। देश में कांग्रेस खत्म हो रही है।

हरियाणा में आप अकेली ही चुनाव लड़ेगी। उन्होंने जजपा विधायक रामकुमार गौतम की टिप्पणी पर कहा कि वे बुजुर्ग विधायक हैं। सदन से वे शब्द हटा दिए गए हैं। उनके कहने का मतलब किसी जाति पर टिप्पणी करना नहीं था।

### 'हरियाणा में चल पड़ी बदलाव की लहर'

डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि पंजाब एक मॉडल के तौर पर निकलकर सामने आएगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में बदलाव लेकर आएगी। बदलाव की लहर चल पड़ी है। पंजाब के बाद अब हरियाणा में बदलाव आएगा। जो चेहरे राज्य का नेतृत्व कर सकें। उन्हें उचित समय पर पार्टी में शामिल किया जाएगा। पंजाब के लोग जाति, धर्म से ऊपर उठकर एक नई सरकार ला सकते हैं तो हरियाणा में भी जनता ऐसी सरकार ला सकती है। वहीं जजपा के साथ निकट भविष्य में गठबंधन पर उन्होंने कहा कि गठबंधन यह सोच कर किया था कि नया लड़का है, लेकिन अब तो भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

# सुप्रीम कोर्ट की कमेटी की रिपोर्ट में बड़ा दावा, रद्द कृषि कानून से 86% किसान संगठन थे खुश

**तीन कृषि** कानूनों का अध्ययन करने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति इसे पूरी तरह निरस्त नहीं करने के पक्ष में थी। समिति ने इसके बजाय निर्धारित मूल्य पर फसलों की खरीद का अधिकार राज्यों को देने और आवश्यक वस्तु कानून को खत्म करने का सुझाव दिया था। समिति के तीन सदस्यों में से एक ने सोमवार को रिपोर्ट जारी करते हुए यह बात कही। पुणे के किसान नेता अनिल घनवट ने कहा कि उन्होंने तीन मौकों पर समिति की रिपोर्ट जारी करने के लिए सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने के कारण वह इसे खुद जारी कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के दो अन्य सदस्य अर्थशास्त्री



अशोक गुलाटी तथा कृषि अर्थशास्त्री प्रमोद कुमार जोशी मौजूद नहीं थे। समिति ने तीन कृषि कानूनों पर 19 मार्च 2021 को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की थीं, जिसमें अन्य बातों के अलावा किसानों को सरकारी मंडियों के बाहर निजी कंपनियों को कृषि उपज बेचने की अनुमति देने की बात कही गई।

**केवल 13.3 प्रतिशत हितधारक तीन कानूनों के पक्ष में नहीं थे :** हितधारकों के साथ समिति की द्विपक्षीय बातचीत से जाहिर हुआ कि केवल 13.3 प्रतिशत हितधारक तीन कानूनों के पक्ष में नहीं थे। घनवट ने कहा, '3.3 करोड़ से अधिक किसानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 85.7 प्रतिशत किसान संगठनों ने कानूनों का समर्थन किया।' ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जवाब से जाहिर हुआ कि लगभग दो-तिहाई उत्तरदाता कानूनों के पक्ष में थे। ई-मेल के माध्यम से प्राप्त जवाब से यह भी पता चला कि अधिकतर लोग कानूनों का समर्थन करते हैं।

# फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद अब क्या करेगा रिजर्व बैंक?, अगले महीने होने वाली है अहम बैठक

***रूस-यूक्रेन क्राइसिस के कारण अभी कच्चे तेल में उछाल जारी रहेगा। ऐसे में महंगाई का दबाब भी बना रहेगा। यही वजह है कि रिजर्व बैंक इस हालात में महंगाई की जगह ग्रोथ पर फोकस करना चाहता है।***




**अगले** महीने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की अहम मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक होगी। मार्च में हुई बैठक में अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इंट्रेस्ट रेट में 0.25 फीसदी बढ़ोतरी का फैसला किया है। इसके बाद रिजर्व बैंक पर भी इंट्रेस्ट रेट बढ़ाने का दबाव बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिजर्व बैंक अप्रैल में होने वाली बैठक में महंगाई की जगह ग्रोथ पर फोकस करेगा और इंट्रेस्ट रेट में किसी तरह के बदलाव की संभावना कम है। रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की फरवरी में हुई बैठक में लगातार 10वीं बार इंट्रेस्ट रेट में बदलाव नहीं करने का फैसला किया था। अभी रेपो रेट 4 फीसदी और रिवर्स रेपो रेट 3.35 फीसदी है।

लगातार दूसरे महीने खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक के 6 फीसदी के अपर लिमिट को क्रॉस कर गया है। फरवरी में खुदरा महंगाई दर 6.07 फीसदी पर पहुंच गई जो आठ महीने का उच्चतम स्तर है। जनवरी में यह महंगाई दर 6.01 फीसदी रही थी। थोक महंगाई दर फरवरी महीने में बढ़कर 13.11 फीसदी पर पहुंच गई। कच्चे तेल और खाने-पीने के चीजों में उछाल के कारण थोक महंगाई में तेजी देखी जा रही है।

**अभी कच्चे तेल में तेजी जारी रहेगी :** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल का कहना है कि रूस-यूक्रेन क्राइसिस के कारण अभी कच्चे तेल में उछाल जारी रहेगा। ऐसे में महंगाई का दबाब भी बना रहेगा। यही वजह है कि रिजर्व बैंक इस हालात में महंगाई की जगह ग्रोथ पर फोकस करना चाहता है। इसका करना है कि चालू वित्त वर्ष में औसत महंगाई दर 5.2 फीसदी से 5.4 फीसदी के रेंज में रह सकती है।

**2018 के बाद पहली बार इंट्रेस्ट रेट बढ़ाया गया है :** बता दें कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने साल 2018 के बाद पहली बार इंट्रेस्ट रेट में बढ़ोतरी की है। 16 मार्च को उसने इंट्रेस्ट रेट में एक चौथाई फीसदी की बढ़ोतरी की। फेडरल रिजर्व की तरफ से कहा गया कि इस साल के अंत तक वह इंट्रेस्ट रेट को 1.75 फीसदी से 2 फीसदी तक बढ़ा सकता है। दरअसल अमेरिकी में महंगाई इस समय चार दशकों के उच्चतम स्तर पर है। यही वजह है कि फेडरल रिजर्व पर इंट्रेस्ट रेट बढ़ाने का दबाव है।

**रिजर्व बैंक ने महंगाई का क्या अनुमान लगाया है?**

अगले महीने 6-8 अप्रैल के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की अहम बैठक होगी। फेडरल रिजर्व के फैसले का इस पॉलिसी बैठक पर सीधा असर होगा। पिछले पांच महीने से महंगाई में लगातार उछाल आ रहा है। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए महंगाई का अनुमान 5.3 फीसदी, मार्च तिमाही के लिए महंगाई का अनुमान 5.7 फीसदी और अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून 2022 के लिए यह 4.9 फीसदी रखा है।

**सिटी बैंक ने महंगाई का अनुमान बढ़ाया :** बदले वैश्विक हालात के बीच सिटी बैंक ने अगले वित्त वर्ष के लिए महंगाई दर का अनुमान बढ़ा दिया है। उसने वित्त वर्ष 022-23 के लिए महंगाई का अनुमान 70 बेसिस प्वाइंट्स बढ़ाकर 5।7 फीसदी कर दिया है। उसने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि अगर कच्चे तेल (का भाव 110-120 डॉलर प्रति बैरल के बीच में रहता है तो अगले वित्त वर्ष में भारत में औसत खुदरा महंगाई 6.3 फीसदी तक पहुंच जाएगी।

## संक्षेप खबरें

# पंजाब से राज्य सभा के लिए 5 उम्मीदवार बिना मुकाबले के विजेता करार

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य सभा चुनाव पंजाब 2022 के लिए आज नामांकन पत्र वापिस लेने का आखिरी दिन था और किसी भी उम्मीदवार द्वारा कागज़ वापस नहीं लिए गए। इस तरह द्विवार्षिक चुनाव(2+3) में जो 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखि़ल किये थे, वह बिना मुकाबले के विजेता करार दे दिए गए हैं।

इस संबंधी जानकारी देते हुये रिटर्निंग अधिकारी राज्य सभा चुनाव पंजाब 2022-कम-पंजाब विधान सभा के सचिव सुरिन्दर पाल ने बताया कि द्विवार्षिक राज्य सभा चुनाव पंजाब 2022 के लिए पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. एस. करुणा राजू जिनको कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इन चुनावों के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है, की निगरानी अधीन चुनाव प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 24 मार्च शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लेने के आखिरी दिन किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन पत्र् वापस न लेने के कारण सन्दीप कुमार पाठक और राघव चड्ढा (पहले साइकल), हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और संजीव अरोड़ा (दूसरे साइकल) बिना मुकाबला विजेता रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंधी रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेज दी गई है।

# पंजाब सरकार ने विभिन्न विभागीय परीक्षाओं के लिए आवेदन मांगे

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब सरकार द्वारा 18 अप्रैल से 22 अप्रैल, 2022 तक होने वाली सहायक आयुक्तों, अतिरिक्त सहायक आयुक्तों/आई.पी. एस. अधिकारियों, तहसीलदारों/राजस्व अधिकारियों और अन्य विभागों की विभागीय परीक्षाओं के लिए आवेदन माँगे हैं। इस सम्बन्धी जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा में बैठने के इच्छुक अधिकारी, 1 अप्रैल, 2022 तक अपने आवेदन निर्धारित प्रोफॉर्मा में अपने विभागों के द्वारा प्रमुख सचिव, कार्मिक और सचिव, विभागीय परीक्षा समिति (पी.सी.एस. शाखा), पंजाब सिविल सचिवालय, चण्डीगढ़ को भेज सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी सूरत में सीधी भेजी गई अजऱ्ी पर विचार नहीं किया जाएगा और अधूरे आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। ऐसे आवेदनों को कोई रोल नंबर जारी नहीं किया जाएगा और इसकी सारी ज़िम्मेदारी सम्बन्धित आवेदनकर्ता की होगी। जिस उम्मीदवार को 11 अप्रैल, 2022 तक रोल नंबर प्राप्त नहीं होता, वह ई-मेल (supdt.pcs@punjab.gov.in) या टैलिफ़ोन 0172-2740553 (पीबीएक्स-4648) के द्वारा पी.सी.एस. शाखा से संपर्क कर सकता है।

## फौज में भर्ती के लिए ट्रेनिंग / कोचिंग कैंप शुरु

**कपूरथला.** डिप्टी कमिशनर कपूरथला दीप्ति उप्पल ने बताया कि साल 2022 -23 अमृतसर ए.आर.ओ और जालंधर ए.आर.ओ की भर्ती होने जा रही है, जिसके अंतर्गत भर्ती रैली के लिए युवा पंजाब के प्रशिक्षण और रोज़गार केंद्र ( सी-पॉइट) कैंप थेह कांजला, (कपूरथला) नज़दीक मार्डन ज़ैल कपूरथला में तारीख़ 28 से 31 मार्च 2022 से रोजाना सुबह समय 10 बजे से ट्राईल देने के लिए रिपोर्ट करे। उन्होंने बताया कि ट्रायल के समय युवा अपने असली सभी सर्टिफिकेट साथ ले कर आए। उन्होंने कहा कि युवाओं को फ़ौज में भर्ती होने के लिए प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इस कैंप में केवल ज़िला अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन, कपूरथला और जालंधर के युवा ही प्रशिक्षण ले सकते है। ज्यादा जानकारी के लिए कैंप इन्चारज शिव कुमार से इन नंबर पर 9877712697,7889175575 पर जानकारी ली जा सकती है।

# जम्मू की संस्कृति की झलक पेश करता है जागरवा डोगरी नृत्य

**• क्राफ्ट्स बाजार में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के बैनर तले कलाकार दिखा रहे हैं विभिन्न राज्यों की संस्कृति**

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर




जिला प्रशासन की ओर से लाजवंती स्टेडियम में करवाए जा रहे क्राफ्ट्स बाजार में जम्मू का जागरवा डोगरी नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के बैनर तले इस क्राफ्ट्स बाजार में अलग-अलग राज्यों से आए कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए देश की महान संस्कृति से लोगों को परिचित करवा रहे हैं। रवि शर्मा द्वारा निर्देशित जागरवा डोगरी नृत्य में दूल्हे की शादी को खूबसूरती से दिखाया गया है। इसमें दूल्हे के घर में लड़कियां नाचती है जब दूल्हा शादी के लिए गया होता है। ऐसे में रात का समय बिताने के लिए महिलाएं घर पर दलस्सी में पैर डाल कर खुशी से झूमती है। उन्हें इस बात की खुशी होत है कि सुबह की पहली किरण के साथ ही उनके घर में नई दुल्हन आएगी। इस नृत्य में भाग लेने वाले कलाकार जब मेहमानों को मिठाई के तौर पर चने बांटते हैं तो वह दृश्य हर किसी को प्रभावित करता है।

रवि शर्मा बताते हैं कि यह नृत्य सदियों से चला आ रहा है। इसमें 11 लड़कियां तथा चार लडक़े भाग लेते हैं और उनके साथ एक कोरियोग्राफर होता है। यह जम्मू की सभ्यता को दर्शाता है। रवि शर्मा बताते हैं कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के प्रोग्राम अधिकारी रविंदर शर्मा, भूपेंद्र सिंह ने हमेशा ही उन्हें प्रोत्साहित किया है और अलग- अलग जगह पर लगने वाले मेले में भाग लेने का अवसर प्रदान किया है। इससे बच्चों में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब जम्मू के साथ ही लगता है, इस लिए यहां आकर ऐसा लगता ही नहीं कि हम किसी दूसरी जगह पर आए हैं। एक दूसरे की संस्कृति को देखकर हमें इस बात पर गर्व होता है कि हमारे देश की संस्कृति कितनी महान है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार-मुक्त और सुविधाजनक पहुंच वाला शासन प्रदान करेंगे : ब्रम शंकर जिम्पा

**• राजस्व, जल संसाधन और जल आपूर्ति और सेनिटेशन मंत्री के तौर पर पद संभालने के बाद दिया भरोसा • पंजाब के लोगों को पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ा जायेगा**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



ब्रम शंकर जिम्पा ने आज यहां पंजाब सिविल सचिवालय-1 में राजस्व, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन, जल संसाधन और जल आपूर्ति और सेनिटेशन मंत्री के तौर पर पद संभाला।

अलॉट किये विभागों का चार्ज संभालने के उपरांत श्री जिम्पा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ( आप) के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है और अब राज्य में विकास के एक नये दौर की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों को तहसील स्तर पर भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी, ज़िम्मेदार, जवाबदेह और आसान पहुँच वाला प्रशासन देने के लिए भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ा जायेगा।

भावी योजनाओं संबंधी जानकारी देते हुये कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उनका मुख्य मकसद सरकारी दफ़्तरों की कार्यकुशलता को बढ़ाना है जिससे आम नागरिकों तक ज़रूरी सेवाएं आसानी से पहुंचाई जा सकें। उन्होंने कहा, "राजस्व विभाग के तहसील स्तरीय दफ़्तरों में बढ़िया प्रशासन को यकीनी बनाया जायेगा और लोगों की सुविधा के लिए राजस्व रिकार्ड का अनुवाद भी किया जायेगा।"

कैबिनेट मंत्री ने 'आप' हाईकमान और पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत मान की तरफ से उनको कैबिनेट मंत्री के तौर पर लोगों की सेवा करने का मौका देने पर धन्यवाद किया। उन्होंने भरोसा दिया कि वह लोगों की आशाओं को पूरा करने के लिए हर संभव यत्न करेंगे और राज्य के सर्वपक्षीय विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि सभी विभागों के कामकाज और कार्यकुशलता में सुधार किया जायेगा जिससे आम लोगों को सरकारी दफ़्तरों में किसी किस्म की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

ज़िक्रयोग्य है कि पूर्व उद्योग मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा को पराजित करके होशियारपुर से विधायक बने श्री जिम्पा पी. एस. आई. डी. सी. के वाइस चेयरमैन और वह 2003 से 2022 तक लगातार चार बार म्युंसिपल कमेटी होशियारपुर के काऊंसलर भी रहे हैं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री के पारिवारिक मैंबर, अतिरिक्त मुख्य सचिव-कम-वित्तीय कमिश्नर राजस्व श्री विजय कुमार जंजूआ, सचिव राजस्व श्री मनवेश सिंह सिद्धू और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज की सृजन करने के लिए विद्यार्थी समाज सेवी संस्थानों के साथ पूर्ण सहयोग करे - ओजस्वी अलंकार

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



गवर्नमैंट आईटीआई मेहर चंद जालंधर में समाज सेवी संस्था दिशादीप, निष्काम सेवा वैल्लफेयर सोसायटी और ज़िला रैड क्रास सोसायटी जालंधर की तरफ से शहीद -ऐ -आज़म सरदार भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के बलिदान दिवस पर एक श्रद्धांजिल समागम का आयोजन किया गया। इस श्रद्धांजिल समागम में आईटीआई के विद्यार्थियों की तरफ से प्रिंसीपल सरदार तरलोचन सिंह टाइगर के नेतृत्व में विद्यार्थियों और छात्राओं ने खूनदान किया।

इस खूनदान कैंप का उद्घाटन माननीय ओजस्वी अलंकार आई.ए.एस जालंधर की तरफ से किया गया। संस्था की एनसीसी विंग की टुकड़ी की तरफ से सुरिन्दर कुमार के नेतृत्व में ओजस्वी अलंकार और हरप्रीत सिंह अटवाल को सलामी दी गई। प्रो. बहादर सिंह सुनेत विशेष मेहमान के तौर पर समागम में उपस्थित हुए। इस मौके एस डी एम जालंधर -1स. हरप्रीत सिंह अटवाल ने ख़ुद ख़ूनदान कर विद्यार्थियों के सामने एक मिसाल कायम की। इसके इलावा ओजस्वी अलंकार आईएएस, हरप्रीत सिंह अटवाल पीसीएस एसडीएम जालंधर -1 ने आँखें दान करने का प्रण पत्र भरने की इच्छा प्रगट करने उपरांत प्रिंसीपल तरलोचन सिंह,आई डी सिंह मिनहास सैक्ट्री ज़िला रैड्ड क्रास, प्रो बहादुर सिंह सुनेत,लायन एस एम सिंह, किरण नागपाल, प्रधान निष्काम सेवा वैल्लफेयर सोसायटी, बलविन्दर सिंह बाजवा चेयरमैन दिशादीप, सुषमा डोगरा वाइस प्रैज़ीडैंट निष्काम सेवा सोसायटी, विकरमजीत सिंह, इंस्ट्रक्टर, सरबजीत कौर चेयरमैन दिशादीप स्त्री विंग, डा कुसम ठाकुर प्रधान आई एस बी टी आई, पंजाब, कुमारजीव चुम्बर डायरैक्टर प्यार और प्रैस,दिशादीप, तरसेम जालंधरी उप चेयरमैन, आई टी आई वूमैन विंग के प्रिसीपल रुपिन्दर कौर,लैफ्टिनैंट कुलदीप शर्मा एनसीसी विंग गुरिन्दर सिंह बराड़ इंस्पेक्टर विजीलैंस, प्रकट सिंह इंस्टरंकटर के साथ मिलकर पौधे लगाए गए। लायन एस एम सिंह सुषमा डोगरा, तरसेम जालंधरी सुरिन्दर कुमार और किरण नागपाल को आईटीआई की तरफ से मैडल दे कर सम्मानित किया गया। इस मौके विकरमजीत सिंह ने संस्था की तरफ से धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया और खूनदानियों का धन्यवाद किया गया।

## युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की विभिन्न युवा और खेल विकास योजनाओं के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों में 12,788.87 करोड़ रुपये आवंटित किए गए : अनुराग ठाकुर



**नई दिल्ली.** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा युवाओं और खेलों के विकास के लिए राज्य-वार नहीं, बल्कि योजना-वार धन आवंटित/जारी किया जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान और चालू वित्त वर्ष में, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की विभिन्न युवा और खेल विकास योजनाओं के अंतर्गत कुल 12,788.87 करोड़ रुपये आवंटित किए गए और 11,482.77 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है।

केंद्र सरकार को समय-समय पर विभिन्न राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों से युवा कार्यक्रम और खेल से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। प्रस्तावों को संबंधित योजनाओं के मानकों के अनुसार उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और योजनाओं के अंतर्गत धन की उपलब्धता के अधीन स्वीकृत किया जाता है। खेलो इंडिया योजना के घटक "खेल बुनियादी ढांचे का उपयोग और निर्माण" के अंतर्गत, देश भर में 289 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इनमें से 11 परियोजनाएं बिहार राज्य में हैं। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की सभी योजनाएं लैंगिक रूप से तटस्थ हैं, जो पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों को समान रूप से पूरा अवसर प्रदान करती हैं और महिलाओं के लिए खेल के विकास का भी ध्यान रखती हैं।

## राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर समेटे हुए है बणी-ठणी शैली की पेटिंग्ज

**• 308 वर्ष पुरानी इस कला को महाराजा सावंत सिंह व बामान सिंह ने कलाकार निहाल चंद से करवाया था शुरु**

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



जिला प्रशासन की ओर से पंजाब स्माल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कार्पोरेशन के सहयोग से लाजवंती स्टेडियम में करवाए जा रहे क्राफ्ट्स बाजार में स्टाल नंबर 51 पर राजस्थान की बणी-ठणी शैली की पेटिंग्ज लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। किशनगढ़ जिला अजमेर के पुष्पेंद्र साहू व अरविंद साहू ब्रश, वाटर कलर, नेचुलर कलर के द्वारा किसी भी कागज व कपड़े पर कलाकृति तो बनाते ही हैं, साथ ही व्यक्ति के अंगूठे के नाखून पर भी कलाकृति बनाने में महारत रखते हैं। उन्होंने बताया कि यह कला 308 साल पुरानी है। इसे महाराजा सावंत सिंह व बामान सिंह ने कलाकार निहाल चंद से शुरु करवाया था। बणी-ठणी शैली विश्वभर में प्रसिद्ध है, इसीके चलते उनके पिता हंसराज साहू को अवार्ड स्किल प्राप्त हो चुका है। सरकार द्वारा इस पर डाक टिकट भी जारी किया गया है और इस कला को इंडियन मोनालिसा के नाम से भी जाना जाता है।

पुष्पेंद्र ने बताया कि उनका पूरा परिवार इस कला के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि एक आकृति को बनाने में 1 दिन भी लगता है तथा 15 दिन भी लग सकते हैं। यह काम बारीकी पर निर्भर करता है, जब यह कला शुरु हुआ तो लोगों ने इस अपनाने में देर नहीं लगाई तथा इसे व्यापार बना दिया। किशनगढ़ के सभी लोग इस कार्य में लग गए लेकिन अब तो केवल 5 प्रतिशत लोग ही इस काम में रह गए हैं, फिर भी इस कला की काफी डिमांड है।

जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा पुष्पेंद्र साहू ने कहा कि उन्हें अपनी कला दिखाने का उन्होंने जो मौका दिया है, उसके लिए वे जीवन भर उनके आभारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से उनके खान-पीने के साथ-साथ रहने की शानदार सुविधा प्रदान की गई है। ऐसी सुविधा उन्हें आज तक कभी भी प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंन लोगों से इस कला का एक बार निरीक्षण जरुर करने को कहा ताकि उन्हें पता चल सके कि आज भी देश में बणी-ठणी कला अपना महत्व बनाए हुए हैं।

# एजेंट के चुंगल में फंसकर लोग दो नंबर में अमरीका के लिए निकले अब जान हलक में!

## मुसीबत में फंसे लोग हाथ जोड़ कर लोगों से कर रहे अपील

• **जालंधर ब्रीज.** रिपोर्टर



**आज कल** फेसबुक पर वीडियो वायरल होना आम बात है... लेकिन अगर आपबीती सुना रहा है तो यह आम बात नहीं ... ऐसे ही कुछ वीडियो खूब वायरल हो रहा है जिसे कई यू-ट्यूब चैनलों ने भी अपने तरीके से शेयर किया है। हमारा भी इस ओर एक प्रयास है ताकि कोई भी गलती करके अपने जान-माल न गंवाए... फेसबुक देखते हुए मैंने भी पाया कि एक वीडियो में मूलतः पंजाब व आसपास के लोग अपनी व्यथा शेयर कर रहे हैं। वे अपने साथ हुए धोखाधड़ी के बारे में बता रहे हैं।

जालंधर निवासी युवक ने एजेंट को 28 लाख रुपए अमरीका जाने के लिए दिए, दूसरा होशियारपुर (दसूहा) का रहने वाला युवक से एजेंट ने 30 लाख रुपए लेकर अमरीका पहुंचाने का बीड़ा उठाया और एजेंट ने बड़े-बड़े वायदे किए लेकिन आलम यह है कि युवक रो-रो कर बता रहा है दो टाइम का ब्रेड तो छोड़ो पीने को पानी भी नसीब नहीं हो रहा। पता नहीं एजेंट ने कांट्रेक्ट लोगों के साथ सांठगांठ कर उन्हें किसी जंगल में भटका रहे हैं जहां वे पेड़ के पत्ते आदि खाकर किसी तरह जिंदा है।

युवक के अनुसार ऐसा करते उसे 27 दिनों से भी ज्यादा का समय हो गया है और उसके साथ और भी पंजाब व हरियाणा के आसपास के युवक, अधेड़ उम्र के लोग भी हैं जो बड़े ही बूरे हालात में हैं। वीडियो और भी दर्दनाक हो जाता है जब पंजाब का ही एक युवक उम्र मात्र 19 साल, पढ़ाई-लिखाई का क्या बात करें इस उम्र में तो अच्छी समझ भी नहीं होती वह युवक तो अपना नाम पता भी बताने में हिचकिचा रहा है।

वहीं जिला गुरदासपुर का रहने वाला एक युवक एजेंट के चुंगल में फंसकर 31 लाख में सौदा तय कर अमरीका के लिए निकला। एजेंट ने उससे कहा फुल्लां बांग लै के जाना, वह पंजाबी में ही बोल रहा है आ वेखो किवें फुल्लां वांग लै के जा रहे ने... वीडियो में युवक अमरीका आने के सपने देखने वाले उन सभी युवकों से विनती कर रहा है कि वीरो कभी भी एजेंट के बहकावे में आकर दो नंबर में अमरीका के लिए घर से मत आना। जिंदगी दांव पर लगी है। पता नहीं जिएंगे या मरेंगे। लेकिन आपको आगाह कर रहे हैं किसी भी एजेंट के चुंगल में मत फंसना ये आपको बर्बाद कर देंगे। आखिरी में सभी हमसफर ने रब्ब राक्खा कह कर अलविदा कहते हैं।

# धोनी ने जडेजा को सौंपी चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी, IPL में अब तक ऐसा रहा है रिकॉर्ड

**• महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंप दी है। धोनी का कप्तानी में अब तक शानदार रिकॉर्ड रहा है।**

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



**दिलचस्प बात यह है कि धोनी की कप्तानी में टीम 8 बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची। वहीं 11 बार प्लेऑफ तक पहुंची है।**

आईपीएल 2022 में कई बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इस सीजन से ठीक पहले दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक अहम फैसला लिया है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी रविंद्र जडेजा को सौंप दी है। जडेजा अब इस सीजन से टीम की कमान संभालेंगे। चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी ऑफीशियल वेबसाइट पर इसको लेकर बयान जारी किया है। अगर धोनी के आईपीएल में कप्तानी रिकॉर्ड को देखें तो वह प्रभावी रहा है।

धोनी ने आईपीएल 2008 से अब तक टीम की कप्तानी की और कई मुश्किल मैचों में चेन्नई को जीत दिलाई। उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 बार आईपीएल का खिताब जीता। चेन्नई उनकी वजह से ही आईपीएल की सबसे सफल टीमों में से एक बनी।

अगर धोनी के आईपीएल में कप्तानी के रिकॉर्ड को देखें तो वह काफी अच्छा रहा है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के साथ-साथ पुणे सुपर जाएंट्स की भी कप्तानी की थी। धोनी ने बतौर कप्तान 204 मैच खेले और इस दौरान 121 मुकाबलों में जीत हासिल की। इसके साथ-साथ 82 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। धोनी की कप्तानी में टीम का विनिंग पर्सेंटेज 59.60 रहा है। दिलचस्प बात यह है कि धोनी की कप्तानी में टीम 8 बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची। वहीं 11 बार प्लेऑफ तक पहुंची है।

बता दें कि आईपीएल 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स से है। यह मुकाबला 26 मार्च को मुंबई में खेला जाएगा। जबकि टीम अपना आखिरी लीग मैच राजस्थान रॉयल्स के साथ 20 मई को खेलेगी।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.